<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 20.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- सरकार ने परीक्षा में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की, सीबीआई जांच के भी दिये आदेश, नीट काउंसिलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का फिर इनकार।

2- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में जातिगत सर्वेक्षण को मिली मंजूरी, झारखंड जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी की स्थापना का लिया गया फैसला।

3- केंद्र सरकार ने धान और कपास सहित 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया, केन्द्रीय कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी।

4- मौसम विभाग के पूर्वानुमान– अगले 48 घंटों में राज्य में होगा मानसून का प्रवेश, संताल और कोल्हान इलाके के लिए आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।

*******************

सरकार ने परीक्षा में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की, सीबीआई जांच के भी आदेश दिये। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से एक बार फिर इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने ये भी कहा है कि आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा कैंसिल होती है तो काउंसलिंग भी कैंसिल हो जाएगी।

*******************

कांग्रेस मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट युजी में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को सभी राज्य मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर छात्रों के लिए न्याय की मांग करेगी. पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी राज्य इकाई प्रमुखों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं, राज्य प्रभारियों, महासचिवों और अन्य शीर्ष पदाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि नीट परीक्षा और इसके परिणाम से जुड़ी चिंताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है.

*******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कल प्रोजेक्ट भवन में मंत्रिपरिषद् की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 33 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में राज्य में जातीय सर्वेक्षण करने पर भी सहमति दी गई। यह सर्वेक्षण कार्मिक विभाग द्वारा कराया जाएगा, साथ ही झारखंड जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी की स्थापना के फैसले को भी मंजूरी दी गई है।

*******************

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में शिक्षक नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने जेएसएससी को राज्य स्तर पर तैयार की गयी मेरिट लिस्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई एक अगस्त को होगी। बुधवार की सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से कहा गया कि राज्य स्तर पर तैयार मेरिट लिस्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। अगर कोर्ट इसका अवलोकन करना चाहता है, तो आयोग की ओर से सीलबंद लिफाफे में मेरिट लिस्ट कोर्ट को दी जा सकती है।

*******************

सहायक आचार्य परीक्षा में जिन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द कर थी। उनमें से तीन हज़ार तैंतीस (3033) अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग ने इन अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी फिर से बहाल कर दी है। इन परीक्षा की तिथि की घोषणा जल्द कर दी जाएगी।

*******************

आईआईटी आईएसएम धनबाद ने सात एग्जीक्यूटिव मास्टर्स प्रोग्राम प्रस्तुत किए हैं। यह आइआइटी आइएसएम के कोलकाता और दिल्ली केंद्र में आनलाइन–हाइब्रिड मोड में संचालित होंगे। आईएसएम ने अपने पांच विभागों के दो और तीन वर्षीय सात कार्यकारी मास्टर्स कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। इसमें पांच कार्यकारी तकनीकी प्रोग्राम और दो एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बताया कि सभी सात कार्यकारी

मास्टर्स कार्यक्रमों का उद्देश्य उच्च स्तर का ज्ञान देना है, एससी–एसटी उम्मीदवारों के लिए 10 प्वाइंट स्केल में 50 प्रतिशत सीजीपीए–सीपीआई 5.0 के साथ आवेदन करना आवश्यक है।

*******************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर साइबर पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

केंद्रीय कैबिनेट ने कल महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए खरीफ मौसम की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर 14 खरीफ (ग्रीष्मकालीन) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों को मंजूरी दी है।

*******************

राज्य के जलश्रोतों के संरक्षण और रांची के तीन डैमों की साफ–सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बुधवार के आदेश के आलोक में पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत ने उनसे पूछा कि शहर में पीने के पानी में गंदगी पर हाईकोर्ट से पहले विभाग का ध्यान क्यों नहीं जाता? अदालत ने अगली सुनवाई में नगर विकास विभाग के सचिव को भी हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

*******************

खूंटी में आज योग दिवस के लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। योग रैली में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय खूंटी के विद्यार्थी के साथ जिले के आयुष पदाधिकारी चंद्रशेखर झा, योग शिक्षक समेत सभी शिक्षक और राजकीयकृत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थी। योग रैली में विद्यार्थियों ने बैनर पोस्टर लेकर लोगों को योग से होने वाले लाभ के बारे में की जानकारी दी।

*******************

राज्य सरकार ने चार पुलिस उपाधीक्षक का तबादला किया है। रांची में विशेष शाखा में पदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सवैया को लोहरदगा जिले के किस्को का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। वही सीटीसी मुसाबनी में पदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक अनिमेष गुप्ता को बोकारो का पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मुजीबुर रहमान को विशेष शाखा रांची का पुलिस उपाधीक्षक और पलामू आईआरबी–10 में पदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक बेनेडिक्ट मरांडी को गिरिडीह आईआरबी–9 का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है।

*******************

राज्य के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। कल देर शाम रांची समेत अन्य जिलों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि अगले दो–तीन दिनों में संताल के रास्ते मॉनसून झारखंड में दाखिल हो सकता है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने

आज कोल्हान और संताल परगना वाले हिस्से में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो, राज्य में मॉनसून के प्रवेश के संकेत मिलने लगे हैं। कई हिस्सों में बादल छा गये हैं और प्री मॉनसून बारिश शुरू हो गयी है। इससे राज्य के आधे से अधिक जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है।

********************

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर–8 मुकाबले में आज भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा. इस मैच में भारत की कप्तानी रोहित शर्मा और अफगानिस्तान की कप्तानी राशिद खान के हाथों होने वाली है। मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर और लाइव स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर की जाएगी।

********समाप्त*******